यह आवश्यक है कि हम समाज के हर व्यक्ति को कुष्ठरोग की संपूर्ण जानकारी दें।

1

कुष्ठरोग कुष्ठ के कीटाणुओं से होनेवाली एक आम बीमारी है।

सूक्ष्मदर्शी यंत्र से कुष्ठ के कीटाणु इस तरह दिखाई देते हैं।

कुष्ठरोग अनुवांशिक नहीं है।

2

ऐसे संक्रामक कुष्ठरोगी जिनका बहु-औषधी उपचार नहीं हुआ, उनकी छींक और खाँसी से कुष्ठ के कीटाणु हवा द्वारा हम-आप तक पहुंचते हैं।

98% व्यक्तियों में कुष्ठरोग प्रतिकारक शक्ति के कारण कुष्ठरोग से बचाव होता है।

3

जाँच लें : दाग-धब्बे जो त्वचा के रंग की तुलना में फीके या लाल, उभरे या सपाट हों।

कुष्ठरोग की शुरुआत एक या अनेक दाग-धब्बे से हो सकती है।

4

जाँच लें : तैलीय, लाल, सूजी हुई और चिकनी त्वचा कुष्ठरोग का शुरूआती लक्षण हो सकता है।

उपचार न कराने पर, कान की पाली मोटी हो जाती है, भौंहों के बाल झड़ने लगते हैं, शरीर पर गांठें आ जाती हैं और हाथ-पैर में सुन्नपन आ सकता है।

5

जाँच लें : हाथ-पैर में सुन्नपन और शारीरिक विकृति

तंत्रिका हानि ही कुष्ठरोग की विकृति, कुरूपता और विकलांगता का कारण है।



आजीवन विकृति और विकलांगता की रोज़ाना स्वयं देखभाल जीवनमान में सुनिश्चित सुधार लाता है।

6

हर एक दाग-धब्बा कुष्ठरोग नहीं होता!

पैदायशी निशान

दूध जैसा सफेद दाग-धब्बा

खुजलीवाला दाग-धब्बा

पैदायशी निशान,
दूध जैसा सफेद दाग-धब्बा,
अक्सर आने-जाने वाला दाग-धब्बा
ये कुष्ठरोग के दाग-धब्बे नहीं हैं।

7

किसी भी अवस्था का कुष्ठरोग बहु-औषधी उपचार (एम.डी.टी.) से पूरी तरह ठीक हो जाता है।

पी.बी. रोगी
६ महीने उपचार

औषधि उपचार के पहले

औषधि उपचार के बाद

एम.बी. रोगी
१२ महीने उपचार

एम.डी.टी. उपचार सभी महानगरपालिका और सरकारी दवाखानों में मुफ्त उपलब्ध है।

8

एम.डी.टी. उपचार के सभी कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को यह हक है कि वह उसके परिवार में आम आदमी का जीवन बिताए।

विकृति, विकलांगता और कुरूपता को शीघ्र निदान, नियमित एम.डी.टी. उपचार और स्वयं देखभाल द्वारा निश्चित रूप से टाला जा सकता है।

National Leprosy Eradication Programme

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम

लोकशिक्षा के लिए प्रकाशित :
अॅलर्ट-इंडिया (कुष्ठरोग शिक्षा, उपचार और पुनर्वास संस्था)
बी-९, मीरा मॅन्शन, सायन (प.), मुंबई - ४०० ०२२.
Tel.: 022-24033081 / 2; **Fax:** 022- 24017652
Email: alert@bom5.vsnl.net.in **Visit us at:** www.alertindia.org